राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 40.00 संख्या 2368
ध्रुविष्य
सुपरकमांडो ध्रुव
SAVE
CITY

ये 'डेथ चैम्बर' है, सुपर कमाण्डो ध्रुव! इसका इस्तेमाल माफिया डॉन्स अपने शिकार से सच उगलवाने और फिर मार डालने के लिए करते हैं...।
...आज तक इस 'डेथ चैम्बर' से कोई बाहर नहीं निकल पाया है।
...अगर तुम ऐसा कर सके तो तुम्हारा नाम गिनीज बुक में दर्ज हो जाएगा और अगर नहीं कर पाए....

...तो म्युनिसिपलिटी के मौत के खाते में एक नाम और जुड़ जाएगा। सुपर कमाण्डो ध्रुव का!
अब दो खास बातें! नम्बर एक, तुम पानी में सांस नहीं ले सकते। इसमें बेहोशी की दवाई मिली हुई है। और नंबर दो कि इस कमरे की छत तक पानी भरने में सिर्फ पांच मिनट का वक्त लगता है।
अब तुम करो बचने की कोशिश और हम लेते हैं एक छोटा सा, नन्हा सा ब्रेक। कहीं जाइएगा मत! वैसे जाओगे भी तो कहां?
...कमरा तो चारों तरफ से बंद है।
बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता वह ग्रिल है। मुझे और ज्यादा पानी भरने से पहले वहां तक पहुंचना होगा...
...क्योंकि पानी ज्यादा भर जाने के बाद ग्रिल का लॉक खोलने में दिक्कत हो सकती है।
...उम्मीद है कि ये कुर्सियां हिलेंगी नहीं।

अब मुझे यहां से बाहर निकलने में सिर्फ 30 सेकेण्ड लगेंगे।...
...15 सेकेण्ड ताला खोलने में!...
आऽऽऽऽऽऽऽ
...और 15 सेकेण्ड यहां से बाहर निकलने में...
ब्रेक के बाद हमारा स्वागत है! पर-पर ये क्या सुपर कमाण्डो ध्रुव? इस ब्रेक में, ... तुम ग्रिल को ब्रेक करने के बजाए खुद ही ब्रेक हो गए!
ये तो शुक्र मनाओ कि मैं कोमल दिल वाला इंसान हूं। किसी को शॉक से मरते नहीं देख सकता।
चचच! तुम्हारा अंदाजा गलत निकला, ध्रुव! ग्रिल बाहर निकलने का रास्ता नहीं है। जो नजर आता है, वह होता नहीं है।
इसीलिए ग्रिल में करेंट मामूली सा था! इससे इंसान मर नहीं सकता। पर अब पानी तुम्हारे मुंह तक आ चुका है।
अब पानी या तो ग्रिल से टच करेगा और तुमको शॉक लगेगा! ...या फिर तुम पानी पियोगे और बेहोश होगे!... तुम्हारी हार अब पक्की है, ध्रुव!
ओह! तुम तो पहले से ही डूबने लगे! बेहोश होने के बाद क्या करोगे?

अरे! ये क्या? ये टाईल खुल कैसे गई?
बाहर की दुनिया में तुम्हारा स्वागत है, सुपर कमाण्डो ध्रुव!
और मुझे उम्मीद है कि तुम्हारा ऐसा ही स्वागत...

...परलोक में भी होगा!...
...आखिर ऐसी पुण्यात्माएं वहां पर रोज-रोज तो आती नहीं हैं!
जिंग
ओ, शिट!
तुम्हारे अनुसार तुम्हारी परफॉर्मेंस कैसी रही, रजत यानी प्रतियोगी नम्बर 4?
कौन बनेगा सुपर कमाण्डो ध्रुव
मैंने कोशिश तो पूरी की लेकिन, ऑबवियसली वह कोशिश नाकाफी थी। आखिरकार दुश्मन ने मुझे मार ही डाला।

तुम पहले एफर्ट में चूक गए रजत और तुमने शिल पकड़ ली। झटका तो तेज लगा था। क्योंकि तुम पूरा हिल गए थे।
शॉक तो हल्का था, पर अनएक्सपेक्टेड था। इसीलिए ...थोड़ा सा...
इसीलिए मैंने थोड़ा सा सर्च किया और दूसरे एफर्ट में ही मुझे ड्रेन लॉक खोलने वाला स्टड मिल गया।
और तुम सही सलामत बाहर आ गए। That was some logic. और तुम्हें लगा कि ये Assignment का End है।
पर तुमने लॉजिक को पकड़े रखा। That was amazing. पर तुमको यह ख्याल कैसे आया कि वहां पर ड्रेनेज आउटलेट होगा?
इंस्ट्रक्शंस में कहा जा रहा था कि इस कमरे का यूज होता रहता है। यानी पानी भरकर निकाला जाता रहता है। और पानी निकलने का रास्ता छत पर तो कोई बनाता नहीं। लॉजिक?
लगा तो था! And... I lost!
आप हारे या जीते, ये तो हमारे जजेज ही बताएंगे...
तुमको शॉक लगा, इस पर मुझे आश्चर्य नहीं हुआ। मैं खुश हो गई जब तुमने ड्रेनेज आउटलेट के बारे में सोचा और खोल लिया। तुमने हिम्मत नहीं हारी। But i was very disappointed. जब तुम टैंक से बाहर निकलने के बाद रिलैक्स हो गए। A crime fighter is never relaxed! बट, तुम्हारे एफर्ट के लिए मैं तुमको...
RICHA
....ये देती हूं।
7
पीटर! आपका क्या कहना है इस परफॉर्मेंस के बारे में?
सावधानी हटी, दुर्घटना घटी! आपके साथ भी यही हुआ, रजत!
आखिर में अगर आप मारे जाते हैं तो आपके पहले के सारे एफर्ट कोई मायने नहीं रखते। ये हैं मेरे मार्क्स।
6
RICHA
PETER
NAKSHATRA

अब दिल थाम लो, रजत! क्योंकि अब आपके परफॉर्मेंस को तौलने जा रहे हैं नक्षत्र!
जो हर चीज में ध्रुव के उतने ही समान हैं जितनी कि ध्रुव की मिरर इमेज! तो नक्षत्र, क्या कहना है आपका?
...ये देता हूं...
आपने तो मुझे मिरर इमेज बताकर मेरे और ध्रुव के बीच में शीशे की दीवार खड़ी कर दी। वैसे रजत, मैं तुम्हारी परफार्मेंस से संतुष्ट हूं।
हम हर किसी से वह उम्मीद नहीं कर सकते कि वह एकदम ध्रुव जैसा ही सोचे और करे भी!... अगर ऐसा हो सकता तो आज हमारे पास एक नहीं कई ध्रुव होते। तुम्हारे जुझारूपन के लिए मैं तुमको...
कौन बनेगा सुपर कमाण्डो ध्रुव
यू आर वॉचिंग.... कौन बनेगा सुपर कमाण्डो ध्रुव!
दोस्तों आपके लाखों SMS ने इस प्रोग्राम को दुनिया का नम्बर वन टी. वी. रिएलिटी शो बना दिया है। इस वक्त ये टेलीकास्ट पच्चीस देशों में लाइव देखा जा रहा है। और हम उम्मीद करते हैं कि हमारे अगले कंटेस्टेंट प्रशान कतई मायूस नहीं करेंगे।
हमारा अगला चैलेंज एक अनोखे सेट पर शूट किया गया है। इसमें फ्यूचुरिस्टिक सेट्स हैं। स्पेशल इफेक्ट्स हैं और इसमें स्टंट को अंजाम देने में एक्सपर्ट स्टंट गैंग की एक टीम के साथ-साथ मशहूर स्ट्रीट मैजीशियन अंतारे सरकार ने अपना योगदान दिया है।
हमारा दावा है...

"-कि ऐसा सीक्वेंस न तो पहले कभी शूट किया गया और न ही निकट भविष्य में किया जाएगा।"
"और सुदूर भविष्य में भी होगा या नहीं ये तो भगवान ही बता सकते हैं।"
घबराओ मत, दोस्तों! तुमने इस जानलेवा बैक्टीरिया को ईजाद करने में जितना पैसा लगाया है...
उतना मैं अपनी पहली लूट में से ही कमाकर तुमको दे दूंगा।
इस बैक्टीरिया से इंसानों को एक सेकेण्ड में टैम्परेरी लकवा मार जाता है।
इसकी मदद से तो ये सोने से भरा रिजर्व बैंक का स्ट्रांग रूम भी लूट सकता है।
और इसके जिम्मेदार हम होंगे।
हमारी सिक्यूरिटी टीम तक इसके आगे नहीं टिक पाई, तो हम भला इसे कैसे रोक सकते थे।
अब इस विनाश को अगर कोई रोक सकता है ...
"...तो सिर्फ सुपर कमाण्डो ध्रुव!"

आहा! बस आपकी कमी है चले आइए, पोपा की महफिल सजी है चले आइए!!
...और जाइए!
और मरते-मरते यह मत सोचिए कि काश, मैंने भी दस-दस क्रेडिट में बिकने वाला एक 'एलिवेटर बूस्टर' खरीद लिया होता, तो मैं भी उड़ सकता।
पर ध्रुविष्य का...
ध्रुविष्य का शरीर चाहे न उड़ता हो, पोपा...
...दिमाग जरूर चलता है।
और जब दिमाग चलता है...

..तो शरीर को उड़ने में...
...कितनी देर...
...लगती है...
आउऽऽऽह!!!
ये नजाकत भरी किक ही थी, पोपा! वर्ना वे तुम्हारे होश नहीं बल्कि तुम्हारे सिर को ही उड़ा देती!
Permission for landing requested! रन वे खाली कर दें!

Nice landing!
लिफ्ट देने के लिए थैंक्स, पोपा!
अब आप पोपा को अपने हेड क्वार्टर तक लिफ्ट दे दीजिएगा। हिसाब बराबर हो जाएगा।
अभी तो हमारा डर खत्म भी नहीं हुआ था, और ये किस्सा ही खत्म हो गया।
ध्रुविष्य की यही तो खासियत है। वह किस्सा शुरु होने से पहले ही उसे खत्म कर देता है।
Bravo! Bravo! What a performance.
कुछ देर के लिए तो मुझे ऐसा लगा जैसे मैं सचमुच फ्यूचर में पहुंच गई हूं।
पर आप फ्यूचर में यानी अगले राउंड में पहुंचेंगे या नहीं ये तो हमारे जजेज ही बताएंगे।
तो इस बार हम शुरु करते हैं, ... नक्षत्र जी से...
एक मिनट, एक मिनट! हमारे फ्यूचुरिस्टिक सीक्वेंस में न तो ये वाला ध्रुव था और न ही ऐसा कार का स्टंट। तो क्या वह घटना...

...सचमुच किसी सुदूर भविष्य की है।
ध्रुविष्य, तुमने एक बार फिर ध्रुववंश की नाक ऊंची कर दी! पर तुम बिना किसी फ्लाइंग गियर के लगभग पांच सौ फुट ऊपर हवा में थे। तुमको डर नहीं लगा? या ये आशंका नहीं हुई कि तुम गिर भी सकते हो?
हर कोई यह जानना चाहता है कि जब टेक्नीक उपलब्ध है और कोई भी उसका प्रयोग कर सकता है तो तुम अपराधियों के खिलाफ हाईटेक गैजेट्स का प्रयोग क्यों नहीं करते हो? क्या इससे तुम्हारी कार्य कुशलता बढ़ नहीं जाएगी?
बढ़ भी सकती है और घट भी सकती है।
ऐसी टेक्नीक का प्रयोग इंसान को नई क्षमताएं तो दे देता है, पर सुरक्षित होने का आभास इंसान के दिमाग को शिथिल भी कर देता है।
और एक क्राइम फाइटर का दिमाग कभी शिथिल नहीं होना चाहिए।
Now if you all will Excuse me!
आओ लिप्सी!
अब बताओ! कैसा लगा मेरा लेटेस्ट एडवेंचर?
किसी सुनसान जगह पर बाइक रोको तो बताऊं!
Really? नेकी और पूछ-पूछ!
अब बताओ! वैसे मुझे लगता है कि तुम मुझे कुछ देना चाहती हो! Correct?
Correct!
तो फटाफट दो न!
लो न!
13

What was that? ये कैसा गिफ्ट था?
बताओ, मेरा एक्शन कैसा लगा? मैंने सिर्फ तुम्हारे कॉन्टैक्ट में रहने के लिए रिपोर्टर की सड़ी हुई जॉब ली...
जबकि वास्तव में मैं एक सांइटिस्ट हूं और वह भी गोल्ड मेडेलिस्ट! पता है, मेरा आधा खून तो तुम्हारे स्टंट देखकर टेंशन में सूख जाता है और आधी कमाई तुम्हारी जान बचाने के लिए भगवान को प्रसाद चढ़ा-चढ़ाकर उड़ जाती है।
डैड ने न जाने तुम्हारे लिए कितने नायाब गैजेट्स इंवेंट करके रखे हैं। पर तुम तो 'यूज नहीं करूंगा' की रट लगाए रहते हो। किसी दिन तुम्हें कुछ हो गया तो मैं तो...
मुझे कुछ नहीं होगा! और कुछ गैजेट्स तो मैं यूज करता ही हूं, पर सिर्फ वो ही गैजेट्स जो मेरी कार्य कुशलता बढ़ा सकें। लेकिन ऐसे गैजेट्स जो मुझे सुपरमैन बना दें, मैं यूज नहीं कर सकता। ये हमारी परंपरा है। ध्रुव-क्लैन की परंपरा।
यही तो तुम्हारी मेन प्रॉब्लम है। तुम्हारी अपनी कोई आइडेंटिटी है ही नहीं। आज भी तुम अपने पूर्वज ध्रुव के नाम से ही जाने जाते हो।
ऐसा नहीं है, लिप्सी! मैं...
सभी तुमको ध्रुव का वंशज कहते हैं। कोई उसको ध्रुविष्य का पूर्वज नहीं कहता। सब उसको ही बेस्ट कहते हैं...
जबकि मैं चाहती हूं कि सब तुमको बेस्ट कहें। लेकिन जब तुम ही ऐसा नहीं चाहते हो तो...खैर!
चलो! मुझे डैड के ऑफिस पर छोड़ देना।
...क्या लिप्सी सही कह रही है? क्या मेरा अपना कोई वजूद है ही नहीं?
"क्या सचमुच ध्रुव ही बेस्ट है और मैं अपने आपको कभी उससे बेहतर साबित नहीं कर सकता।"

"...ऐसा मुझे करना ही होगा। पर इसके लिए यह समझना जरूरी होगा कि ध्रुव आखिर बेस्ट है क्यों?"
हुऊं! अगर तुम सही कह रहे हो तो ये हमारे सामने आई आज तक की सबसे बड़ी चुनौती होगी।
पर उस चुनौती का सामना हम करेंगे कैसे? 'बार' में सभी यह बात कह रहे थे कि आने वाले दिनों में राज नगर पर किसी 'मास-डिस्ट्रक्शन वेपन' का हमला किया जाएगा। पर ये खबर उड़ाई किसने, इस बारे में किसी को कुछ पता नहीं है।
और यह भी नहीं पता कि 'मास-डिस्ट्रक्शन वेपन' है क्या और उनका निशाना क्या है?
फिर हम ये कैसे पता करेंगे?
उफ! ये चूहे! अपराधियों की तरह इनके हौसले भी बढ़ते जा रहे हैं।
और तादाद भी! पर फिलहाल असली खतरा ये नहीं...
...वे षड्यंत्रकारी हैं जो हमारे सिस्टम और इच्छाशक्ति को इनकी तरह कुतर कर...
...खोखलाकर देना चाहते हैं। पर वे सफल नहीं होंगे।
ये भी तो हो सकता है कि ये सिर्फ एक अफवाह हो!
अफवाह की सच्चाई का पता सिर्फ एक ही चीज लगा सकती है...
...दूसरी अफवाह!

पी ले! पी ले, बर्र्र! कैप्टन पिला रहा है। फ्री फंड की दारू है। पता नहीं...हिक्...कल मिले..न मिले!
अरे! दारु कभी खत्म होती है? आदमी खत्म...हिक्... हो जाए..पर दारु की नदी... तो बहती रहेगी।
आदमी की ही तो...बात है...कैप्टन भाई! थोड़े दिनों में...राजनगर में... सब मर जाएंगे। खल्लास! राजनगर खाली!
तुझे कैसे पता?
सबको पता है। कुछ गड़बड़ होगी और हिक...सब मर जाएंगे। वेपन ऑफ मास एडेक्ट्रक्शन् ऐसा ही कुछ था।
ये जो मारने वाले...हिक्... लोग हैं न...ये नहीं जानते कि...
उनके बीच में...
...पुलिस का एक...
जासूस
घुस चुका है
एकदम सच्ची
और कोई नहीं जानता कि वह कौन है।
कहानी 19 पेज से जारी-

हम जो भी कुछ करने जा रहे हैं। उसके बारे में अफवाहें उड़ें तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन उसकी ज़रा-सी भी डिटेल इस कमरे से बाहर नहीं जाना चाहिए। पुलिस तक तो कतई नहीं।
आओ, पैट्रिक! तुम्हारी शिकायत पर कार्यवाही शुरु हो चुकी है।
अब अगर दर्दनाक मौत नहीं चाहते हो तो मुझे खुद ही बता दो कि तुममें से पुलिस का भेदिया कौन है?...वर्ना अगर मुझे अपनी एनर्जी 'लाई डिटेक्टिंग टेस्ट' के लिए यूज़ करनी पड़ी तो...
अगर तुम्हारी सूचना सही हुई तो तो इनमें से एक की जान जाएगी और गलत हुई तो तुम्हारी।
अपनी एनर्जी बचाकर रखो।

पुलिस के जासूस का पता मैं तुमको बिना खर्चे के बता दूंगा!
यही! यही है वो!
और तू है वह जासूस पैट्रिक!
बस, तुझे इस बात का पता नहीं है।
मुझ तक पहुंचने के लिए तुमने चाल तो अच्छी चली...
सुपर कमाण्डो ध्रुव!
पर इस मौके के लिए मैं पहले से तैयार था!
मैं भी!
तुमको तो मैंने पहले कभी नहीं देखा! शायद तुमको किसी खास काम के लिए इंपोर्ट किया गया है...

और मैं यह जानना चाहता हूं कि इन छोटे-मोटे माफिया डॉन्स का सहारा लेकर तुम कौन सा बड़ा काम करना चाहते हो?
मैं कौन हूं, ये बताकर मैं तुम्हारा मजा खराब करना नहीं चाहता और मेरा मकसद क्या है, यह पता करना तुम्हारा काम है! बाकी रही इन माफिया डॉन्स की बात...
...तो इनका काम खत्म हो चुका है! मैं अपने मकसद के लिए इनके साधनों का प्रयोग करना चाहता था...
...और वह मैं पूरा कर चुका हूं! धन्यवाद, दोस्तों!
तुमने इनको...मार डाला!! पर कैसे?
बस 'लेजर सर्जर रे' से मैंने इनके शरीर और ब्रेन का कनेक्शन काट दिया और दोनों ही चीजें एक दूसरे के बगैर जी नहीं सकतीं! वैसे तुमको तो खुश होना चाहिए...
...क्योंकि मैं तुम्हारा ही काम कर रहा हूं! अपराधियों को टपकाने वाला!
मैं उनको टपकाता नहीं हूं, सजा दिलवाता हूं! वैसे... कौन हो तुम? 'लेजर सर्जर रे' जैसा नाम तो मैंने पहले कभी नहीं सुना!
मैं समय से आगे चलता हूं! लोग मुझे बमूर कहते हैं! दोस्त भी...और दुश्मन भी!
अब चलता हूं! बहुत काम करना है!
उधर नहीं, बमूर...

...लॉक अप का रास्ता इधर से है!
मुझे बहुत चौकन्ना रहना होगा!
मुझे इसकी शक्तियों के बारे में ज्यादा पता नहीं है...
...पर उम्मीद है कि टाइटेनियम जैसी मजबूत मेटल से बने ये स्टार कफ्स इसको बांधकर रख पाएंगे।
गुड! टाइटेनियम मेटल है! इसका लॉक भी बहुत कॉम्प्लिकेटेड है! हाई क्लास कफ्स हैं! इनको तोड़ना तो मुश्किल है, पर इनको खोलने की एक मास्टर की है मेरे पास! 'वायब्रेटर की'।
एमेजिंग! ये तो हर काम के लिए अलग-अलग तरह की एनर्जी का प्रयोग करता है! ऐसी हाई टेक्नीक इसके पास आई कहां से?
तुमने मेरे तीस सेकेण्ड बर्बाद कर दिए हैं, ध्रुव!
इसके बदले में मैं तुम्हारी जिंदगी के बाकी बचे साल बर्बाद कर दूंगा।
अब अगर तू जिया भी तो अपंग बनकर जिंदगी काटेगा।
आऽऽऽह!

...क्योंकि इस 'हाई पॉवर शॉक' से कोई इंसान बच नहीं सकता! सुपर कमाण्डो ध्रुव, तुम्हारा कैरियर...
...खत्म हो चुका है।
...सही कहा!
...खत्म हो चुका है। बमूर!
तुम्हारा कैरियर...
त...तुम शॉक से बच गए! इम्पॉसिबल!
शॉक लगने के लिए जमीन से संपर्क जरूरी होता है, बमूर! और उस वक्त मेरा शरीर हवा में ही था।
ओफ्फ! अ...अब मैं तुम्हारे दिमाग का संपर्क तुम्हारे शरीर से काट दूंगा! लेजर सर्जरी छोड़ूंगा तुम पर!
तुम ऐसा कर सकते तो पहले ही कर लेते, बमूर! मेटल की इन चमकती दीवारों के बीच में तुम किसी भी एनर्जी ब्लास्ट का प्रयोग नहीं कर सकते।
क्योंकि तुमको डर है कि इन दीवारों से रिफ्लेक्ट होकर एनर्जी रेज कहीं तुम से ही न टकरा जाएं।
त...तुम... वाकई में...

...तारीफ के काबिल हो! यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे तुमसे हारने का मौका मिला पर मुझे अपना काम तो पूरा करना ही है। मुझे जाना ही होगा! एयरोरॉर! एक्टीवेट!!
व्हाट!
ये क्या हो रहा है?
ओह गॉड! पूरे कॉरीडोर में लगी मैटल प्लेट्स अपने आप आपस में जुड़कर एक अनोखा प्लेन बना रही हैं।
ये क्या चीज थी? अगर ऐसी शक्ति वाला इंसान 'मास डिस्ट्रक्शन' करेगा तो मैं उसे रोकूंगा कैसे?

सन् 5062-
मुझे वो चाहिए, मॉम!!
वो तुम्हारी पढ़ी हुई है, अब ध्रुव की नई गाथाएं कहां आती हैं।
SUPER COMMANDO DHRUV
NOVEL
FICTION
MAGAZINE
नो, मैम! ये ध्रुव जी का लेटेस्ट एडवेंचर है और क्रिटिक्स का कहना है कि ये अब तक का उनका ग्रेटेस्ट एडवेंचर है।
इसका नाम 'मैंने मारा ध्रुव को' है। इसका दूसरा पार्ट 'हत्यारा कौन' भी है हमारे पास।
लेकिन नए एडवेंचर आए कहां से? कोई नई आर्कियोलोजिकल साइट....मिली है क्या?
नो, मैम! शायद आपने सुना नहीं है। एक नई इनवेंशन हुई है। टाइम एक्सप्लोरर! इस मशीन की मदद से हम पास्ट में जाकर गुजरे हुए हर पल को एक्सप्लोर कर सकते हैं।
हमने इसी टाइम एक्सप्लोरर की मदद से ध्रुव जी के उन एक्सप्लाएट्स को डिजिटली रिकॉर्ड और रियल लाइफ एनीमेट किया है।
SUPER COMMANDO DHRUV
मुझे यही चाहिए, मॉम! यही चाहिए! और अभी चाहिए!
ये नया एडवेंचर डाउनलोड करने के लिए आप अपना बुक कंसोल लाई हैं या नया खरीदेंगी?
नहीं-नहीं! इतनी महंगाई में नया कौन खरीदेगा! मेरे पास एक कंसोल है।
FICTION
MAGAZINES
Counter
कमाल है, यार! मेरी कहानियां न्यूज पेपर में छपती हैं और ध्रुव की बुक स्टोर्स पर बिकती हैं।
क्योंकि वह इनका, उनका, हमारा, सबका भगवान बन चुका है। लोग उसके एडवेंचर पढ़कर...व्हाट यू से... चकित रह जाते हैं

जानता हूं। मैं खुद ध्रुव का फेन हूं। लेकिन असलियत तो ये है कि मेरा दिमाग ध्रुव से तीन हजार साल ज्यादा एडवांस है। मुझे फाइटिंग की जो टेक्निक्स पता है, उसके बारे में तो उसने सुना तक नहीं होगा।
और स्टार लाइन अब सॉलिड एनर्जी रे लाइन बन गई है। ये तो वह सपने में भी सोच नहीं पाया होगा।
और मैं शर्त लगाकर कह सकता हूं कि अगर आज जैसे खतरनाक, टेक्नोलॉजिकली एडवांस क्रिमिनल और किलर अगर ध्रुव के टाइम में होते तो उसकी एक कहानी ही बन पाती और वह भी अधूरी।
जबकि मैं साल में ऐसे पांच विलेन्स को पकड़कर आइसोलेटर में बंद करता हूं।
मैं जानता हूं कि ऐसा होना असंभव है। लेकिन अगर एक बार सिर्फ एक बार मेरा और ध्रुव का सामना हो सकता तो दुनिया को पता लग जाता कि....
पापा का मैसेज आ रहा है।
यस, डैड! एनी ब्रेकिंग न्यूज?
ये सचमुच एक ब्रेकिंग न्यूज है, लिप्सी! ये न्यूज हमारे पूरे सिस्टम को ब्रेक कर सकती है। मैं फोन पर ज्यादा डिटेल नहीं बता सकता...
"तुम तुरंत मेरे पास लैब में आ जाओ। और अगर ध्रुविष्य तुम्हारे साथ ही हो तो उसको भी जरूर लेती आओ।"

लैब में-
What happened Dad? आप कुछ ज्यादा ही परेशान हैं।
...बमूर!
बताइए क्या प्रॉब्लम है? मैं उसे चुटकियों में दूर कर दूंगा, मिस्टर वोल्टार
प्रॉब्लम है...
बमूर! वो...वो नॉटोरियस क्रिमिनल जो कभी आपकी लैब का चीफ ऑपरेटर हुआ करता था।
उसको तो मैंने दो साल पहले ही पकड़कर आइसोलेटर में डाल दिया था।
वही तो उसके लिए वरदान बन गया। उसको शांति से काम करने का मौका मिल गया। उसने आइसोलेटर में भी लैब ज्वाईन कर ली और 'टाइम-एक्सप्लोरर' पर काम शुरू कर दिया।
टाइम एक्सप्लोरर! इसका जिक्र तो बुक शॉप वाली गाइड गर्ल भी कर रही थी।
ठीक कह रहे हो तुम! फिलहाल दुनिया में सिर्फ एक टाइम एक्सप्लोरर है और वह सरकार की कड़ी सुरक्षा में है। उसके प्रयोग के लिए इजाजत लेनी पड़ती है। उस पर हम गुजरे हुए समय की सिर्फ तस्वीरें देख सकते हैं। किसी टी.वी. शो की तरह।
पर बमूर ने टाइम एक्सप्लोरर में सुधार किए और उसकी मदद से वह सिर्फ भूतकाल के दृश्यों को देख पाने में ही नहीं, बल्कि वस्तुओं को भी पास्ट में भेजने में सफल हो गया।

इस नई टाइम एक्सप्लोरर मशीन का प्रयोग उसने सबसे पहले जेल से भागने में किया। उस बीते टाइम में जाकर जब तुम उसके पीछे नहीं लगे थे। उसने भविष्य बदल डाला था। उसको अब पता था कि तुम उसको कैसे पकड़ोगे। इसीलिए वह बचकर भाग निकला।
भाग निकला? पर कहां? आज की दुनिया में तो हर स्क्वायर फीट पर कैमरे लगे हुए हैं। अब तक तो उसे पकड़ा जाना चाहिए था।
जरूर पकड़ा जाता। अगर वह इस दुनिया में होता तो!
मतलब?
मतलब ये, कि बमूर मॉडीफाइड टाइम एक्सप्लोरर की मदद से भूतकाल में जा पहुंचा है। 2010 में!
यानी...ध्रुव के युग में! पर क्यों?
यही जानना हमारा पहला लक्ष्य था। इसीलिए मैंने इस टाइम एक्सप्लोरर को अपनी लैब में खुद बनाया। इसमें 2010 की इमेजिज देखीं। इससे पता चला कि बमूर उस युग में न्यूक्लियर बम बनाने की जानकारी हासिल करने गया है।
न्यूक्लियर बम! ये कैसा बम होता है?
आज के लोग इस बारे में नहीं जानते। ये जानकारी क्लासिफाइड है। अत्यंत गुप्त।
God! Classified! what a sensational news?
इस न्यूज को लीक करने की सोचना भी मत, बेटी! वर्ना मैं भी तुमको आइसोलेटर में जाने से बचा नहीं पाऊंगा।
हां, तो मैं न्यूक्लियर बम की बात कर रहा था।
न्यूक्लियर बम ऐसा विनाशकारी हथियार है जो पूरे संसार को दो सेकेण्ड में खत्म कर सकता था। 2010 के आसपास संसार के कई देशों के पास ऐसे बम थे।

उस वक्त इन बमों की वजह से दुनिया के तबाह होने का जबरदस्त खतरा पैदा हो गया था। इसीलिए सभी देशों ने समझौता करके न सिर्फ इन बमों को बल्कि उनको बनाने की सारी जानकारी को भी नष्ट कर दिया!
यूं समझो कि दुनिया से उस खतरनाक हथियार का नाम और निशान दोनों मिट गए। सिर्फ क्लासीफाइड फाइल में उसकी जानकारी सुरक्षित रखी गई। बमूर वही जानकारी लेने गया है। शायद...वह बम भी लेता आए!
और वह भी ध्रुव के युग से! ध्रुव, बमूर जैसे तेज दिमाग वाले और चमत्कारी यंत्रों से लैस अपराधी के सामने कभी टिक नहीं पाएगा।
इसीलिए तो मैंने तुमको बुलाया है।
अब इस दुनिया को तुम ही बचा सकते हो, और शायद अपने आप को भी!
अपने आप को?
अगर बमूर भूतकाल में ध्रुव को मारने में सफल हो गया तो यहां पर तुम्हारा नामोनिशान मिट जाएगा। क्योंकि ध्रुव ने 2010 तक कोई संतान पैदा नहीं की है।
ओ गॉड! बताइए मैं क्या कर सकता हूं?
मैंने इस टाइम एक्सप्लोरर को वैसे ही मॉडीफाइड किया है जैसा कि बमूर ने किया था। तुम इसमें बैठकर 2010 में पहुंच सकते हो...
और बमूर को हराकर ध्रुव को और अपने आपको बचा सकते हो? वर्ना न हम रहेंगे और न तुम...
मुझे ध्रुव से स्पर्धा करने का इससे अच्छा मौका नहीं मिल सकता। मैं जरूर जाऊंगा, और इतिहास को ये बता दूंगा कि ऑल टाइम बेस्ट क्राइम फाइटर ध्रुविष्य है।
"आप टाइम एक्सप्लोरर को स्टार्ट करें।"
ध्रुविष्य एक ऐसी यात्रा पर रवाना हो चुका था-

जो 'वन-वे' थी
बस ध्रुविष्य को यह समझना बाकी था-
हमारी पेनल के अनुसार ये इस शो का अब तक का सबसे खतरनाक एसाइनमेंट है। इसमें सुपर कमाण्डो ध्रुव नं. 13 को किनारे से लेक के बीच में बने आउटहाऊस में पहुंचना है और वहां से एक डमी होस्टेज को आजाद कराना है।
पर उसकी ताक में हैं पांच खतरनाक हथियारबंद गॉर्ड्स! जो क्रैक शूटर्स हैं।
अरे, भई, मेरी लाइनें खत्म हो रही हैं। कहां है तुम्हारा ध्रुव नं. 13 ? जल्दी बुलाओ उसे।
वो तो ...उसे तो स्टूडियो से मेकअप करके आना था। लगता है रास्ते में कहीं फंस गया है।
तो पहले बताना था ना! मेरा शॉट शूट कर लो, फिर चाहे पैकअप करो या मेकअप! रिफ्लेक्टर ठीक से पकड़ो!
व्हाट द हेल! मेरी आंखें खराब हो गई हैं या...
अरे वाह! आ तो गया अपना ध्रुव नं. 13.
व्हाट! कितने ध्रुव हैं यहां पर?
कितने-वितने छोड़ो! जल्दी करो और लेक में कूद जाओ! तुमको सेंटर में बने आउट हाउस में पहुंचना है ...
और होस्टेज को लेकर वापस आना है! बस ये ध्यान रखना कि तुमको कोई डमी बुलेट न लग पाए!
वर्ना तुम...खल्लास! नाऊ गो!
ओ गॉड! इस युग के लोग तो कहीं ज्यादा पागल हैं।
पुअर ध्रुव!

पर इतना तो पक्का है कि मैं ध्रुव के आसपास तक तो पहुंच चुका हूं।

और मुझे ऐसा लग रहा है कि अगर मुझे ध्रुव से सामना करना है तो मुझे यह खेल जीतना ही होगा।

अब पहले मुझे ध्रुव को ढूंढना है ताकि वह बमूर से टकराने से पहले ही मेरे काबू में आ जाए... क्योंकि बमूर न तो इतनी जल्दी मुझे मिल पाएगा और न ही काबू में आ पाएगा।

और ये है मेरी फर्स्ट स्ट्राइक!

...वेक्टर केलकुलेशन ही काफी हैं।
ये क्या कर रहा है? ऐसा तो डुप्लिकेट स्टंटमैन भी नहीं करने को सकता।
व्हाट पॉवर ही हैज! स्कूटर को सवार सहित उठा लिया।
पर स्कूटर को फुटबॉल बनाकर ये करेगा क्या?
"ये...ये तो वॉटर स्कूटर से बिलियर्ड खेल रहा है।"
"ये कंटेस्टेंट नहीं लग रहा है। इसके सामने तो ध्रुव एक कंटेस्टेंट लगेगा।"
इसने तो आधा एसाइनमेंट पूरा कर लिया।
आधा नहीं! पूरा कहो। अब गॉर्ड्स इस पर गोली चलाने की हालत में हैं ही नहीं।
ए भाई! कहीं तुम गुप्त रूप से ध्रुव ही तो नहीं हो?

मैं ध्रुव नहीं हूं! मैंने एसाइनमेंट पूरा किया! अब मुझे ध्रुव से मिलाओ! बुलाओ उसे!
अभी कहां, भइए! अभी तो ये एडवेंचर शुरू हुआ है! अगले हफ्ते टेलीकास्ट होगा! फिर पैंतीस कंटेस्टेंट और हैं! वो भी जलवा दिखाएंगे!
फिर पंद्रह हफ्ते बाद जब ग्रैंड फिनाले होगा! तब हम ध्रुव को बुलाएंगे! तब मिल लेना! आखिर सब्र भी तो कोई चीज होती है!
यानी मेरा अपना कीमती समय लगाना व्यर्थ गया! खैर, कोई बात नहीं! मेरे पास एक और तरीका है...
DNA Tracker!
D.N.A. TRACKER
DNA Tracker! ऐसी चीज तो पहले न कभी देखी न सुनी! या तो मैं पागल हो गया हूं...
...या ये कांटेस्टेंट नं. 13 पागल है!
म...मैं पागल नहीं हुआ था, सर!...
...जाम में फंस गया था! बताइए मुझे क्या करना है?
अगर तू नं. 13 है तो... तो वह कौन था?
भविष्य, ध्रुव की तलाश में था!

और ध्रुव, बमूर की तलाश में-
ये उस माफिया भाई सुटेवाला का गोदाम है जिसे तुम्हारे अनुसार एक अजीबोगरीब शख्स ने मार डाला।
आपको शायद मेरी बात पर यकीन नहीं आया।
एक ऐसा शख्स जो कॉरीडोर का हवाई जहाज बनाकर उड़ गया हो, उस पर विश्वास करना मुश्किल तो होगा ही।
एक मिनट! ये ड्रम्स! ये केमिकल इंपोर्ट किए गए हैं।
MULTIPLENGENT
ये तो एक जेनेटिक ड्रग है। जो पशुओं में जनसंख्या बढ़ाने के लिए यूज की जाती है। ...और ये सारे ड्रम खाली हैं।
ये सुटेवाला माफिया डॉन है या कबाड़ी डॉन। खाली डिब्बे इकट्ठे करने का क्या मतलब?
खाली डिब्बे इकट्ठे नहीं किए गए हैं, इंस्पेक्टर! इनका केमिकल यहीं पर निकाला गया है। पर क्यों?
बोलो, क्यों?
मारे गए बाकी माफिया डॉन क्या करते थे?
पहले तो हफ्ता वसूली और मटका जैसे छोटे-मोटे अपराध करते थे। पर इधर वे स्मगलिंग में लिप्त हो गए थे।
ये देखो! ये उन चीजों की शॉर्ट लिस्ट है, जो हमको उन डॉन्स के ठिकानों पर छापों के दौरान मिली है। ये क्या? तुम्हारा बटन आवाज भी करता है। बटन है या स्पीकर?
टी टी टी टी
ये पेपर आपको कहां से मिला?
ये पेपर तो...वो... शायद माफिया डॉन हुजूरा की टेबल से ही लिया गया था। लास्ट लिस्ट हमने वहीं बनाई थी। पर तुम्हारा बटन...

ये बटन एक 'रेडिएशन डिटेक्टर' है। इस पेपर में मामूली सा रेडिएशन है।
पेपर में रेडिएशन!
और इस लिस्ट में छोटे-छोटे ऐसे मशीनी पुर्जों का जिक्र है जिनका मतलब अब तक पता नहीं चल पाया है।
इस जानकारी को 'मास डिस्ट्रेक्शन' की अफवाह से जोड़ दो तो एक ही चीज सामने आती है। न्यूक्लियर बम।
पर बमूर जैसा इंसान, जो आश्चर्यजनक तकनीक का मालिक है...
"उसके लिए तो न्यूक्लियर बम जैसी चीज मामूली होनी चाहिए। फिर वह उसे पाने के लिए इतनी कोशिशें क्यों कर रहा है।"
इस युग के लोग तो अब तक ध्रुव की कलाबाजियों पर ही तालियां बजाते थे
पर मेरी चमत्कारी कलाबाजियां देखकर तो ये अपनी उंगलियां ही चबा जाएंगे।
और..अरे... ये...ये तो मुझ पर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। जैसे कि ये रोज मेरे जैसा शख्स देखते हों। पर क्यों?

ये रियल्टी शो वाले पब्लिसिटी के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।
यार, KBSCD तो पहले से ही काफी पॉप्यूलर है। पता नहीं फिर ये ऐसे GIMMICKS क्यों करते हैं?
ध्रुव जब खुद पॉप्यूलेरिटी नहीं चाहता तो ये इतना क्यों कर रहे हैं?
ध्रुविष्य, पॉप्यूलेरिटी की दौड़ में ध्रुव से एक बार फिर पिछड़ गया था।
कैप्टन, तुम्हारे जैसा ही एक शख्स KBSCD के लेक राजबाड़ी वाले सेट पर करतब करके चला गया। वह कंटेस्टेंट भी नहीं था और तुमको ढूंढ रहा था।
चमत्कारी करतब से क्या मतलब है?
वह वॉटर स्कूटर्स से बिलियर्ड खेलता है और सुपरमैन जैसी जंप लगाता है। एक जंप में बिल्डिंग पार!
एक मिनट! मुझे लगता है कि तुम जिसकी बात कर रहे हो...
...वह मुझे दिख गया है। ओवर एंड आउट।
इस वक्त उस बिल्डिंग की छत तक पहुंचने का सबसे तेज रास्ता....
36

...ये रैंप है या यूं कहूं...
...कि रैंप की मुंडेर!
ओ...ओ! अभी तक मैं ध्रुव के सिग्नल के पास जा रहा था। अब ध्रुव का DNA सिग्नल...
मेरे पास आ रहा है!!
ध्रुव! सुपर कमाण्डो ध्रुव!! साक्षात्, यकीन नहीं होता।
तुम मुझे पहले से जानते हो। और हरकतों से टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड लगते हो।
ऐसा लग रहा है जैसे कि मैं अपने Modified version के सामने खड़ा हूं।

यानी तुम वहीं से आए हो जहां से बमूर आया है। कौन हो तुम लोग? और यहां आने का तुम्हारा मकसद क्या है?
बिल्कुल सही लॉजिक! स्पोट ऑन! पर मुझे ये जानकर आश्चर्य हुआ है कि तुम बमूर से मिल चुके हो। लेकिन फिर भी जिंदा हो!
यह तुम बमूर से पूछना अगर वह मेरे हाथों से बचकर भाग न जाता तो ये सवाल मैं तुमसे न पूछ रहा होता। 'न्यूक्लियर डिवाइस' हासिल करने के पीछे तुम लोगों का क्या मकसद है?
ये तो कुछ वैसे ही हुआ जैसे कि कोई पिस्तौलधारी, तलवार बनाने की कोशिश कर रहा है।
यानी...तुम न्यूक्लियर डिवाइस के बारे में भी जानते हो। I Can't believe it.
पहली बार तुम बमूर से बचे नहीं थे, बल्कि बमूर ने तुमको छोड़ दिया होगा। पर दूसरी बार बमूर ऐसा नहीं करेगा इसीलिए मुझे तुमको बमूर से...
...दूर रखना होगा।
बमूर को रोक पाना तुम्हारे बस की बात नहीं है...
38

कोशिश मत करो, ध्रुव! ये स्प्रिंग-रे होल्ड जिस तकनीक से बनी है तुम उसके बारे में कभी सोच भी नहीं सकते...
ये मैटर एनर्जी के क्वाएल्स हैं और मेरे ब्रेसलेट से अलग होकर ये सॉलिड हो जाएंगे और तुमको और भी ज्यादा जकड़ेंगे।
चीं चीं चीं चींऽऽऽ
मैंने सोचा नहीं था कि तुमको हराना...
इतना आसानऽऽऽऽऽ आऽऽऽह!
यह क्या था?
बर्ड हिट! किरणों में एक ही कमजोरी होती है। वे सामने अवरोध आते ही रुक जाती हैं और यह काम मुझे रेज के सॉलिड होने से पहले ही करना था...
...और वह मैंने कर लिया। अब बताओ कौन हो तुम? मेरे जैसा रूप क्यों बनाए हुए हो? और बमर से तुम्हारा क्या संबंध है?

मेरा संबंध तो तुमसे है, ध्रुव! बमूर मेरा संबंधी नहीं है। और मैं कतई नहीं चाहता कि तुम उससे संबंध रखो।
इसीलिए मैं तुमको ब्लाईडिंग स्टॉर्म की कैद में छोड़कर जा रहा हूं।
इस कैद से आजाद होने की कोशिश मत करना...
...ये कण तुमसे दूर तभी हटेंगे जब मैं हटाऊंगा।
और सुनो! छत से नीचे उतरने की कोशिश मत करना। अंदाजे से भी नहीं। क्योंकि तुम जितना जमीन के पास जाओगे ये स्टॉर्म उतना ही गर्म हो जाएगा और अगर जमीन तक पहुंच गए तो ये तुमको भस्म कर देगा।
इसी ब्लाईडिंग स्टॉर्म होल्ड की मदद से मैंने बमूर जैसे शातिर अपराधी को पकड़ा था। इस कैद से तो ध्रुव अपने आप कभी आजाद नहीं हो सकता। ध्रुव अब चाहकर भी बमूर तक नहीं पहुंच सकता।
ध्रुव को तो मैंने आसानी से मात दे दी है। पर बमूर को मात देना इतना आसान नहीं होगा क्योंकि भविष्य की जो शक्तियां मेरे पास है...
"बमूर के पास भी वैसी ही शक्तियां हैं।"

हाहाहा! मैंने वह टेक्नोलॉजी पा ली जो मुझे भविष्य का बादशाह बना देगी। Now i am the king...King Bamoor.
अब मुझे रोकने वाला कोई नहीं...अरे!
DNA TRACKING!! कोई मुझे ट्रेक कर रहा है। पर इस युग में तो ये टेक्निक है ही नहीं। फिर कैसे....? ओ, समझा।
DNA TRACKING
जैसे मैं यहां पर आया हूं, वैसे कोई और भी तो आ सकता है और ये कोई और...
"सिर्फ ध्रुव ही हो सकता है।"
ये 'टाइम ट्रिप' मेरे लिए बहुत संतोषजनक रही है। मैंने इतिहास बनाया है। इस बार मैंने ध्रुव को मात...
शूSSSSSS!
चीं चींSSS
अब बमूर मुझसे ज्यादा दूर नहीं है। उसको काबू में करते ही मैं टाइम एक्सप्लोरर के रिवर्स मोड को इस बटन से ऑन कर दूंगा और बमूर को अपने साथ अपने टाइम में ले जाऊंगा।
....वी हैSSSS!!! व्हाट!
ध्रुव! त...तुम तो स्टॉर्म पार्टिकल से बाहर कुछ देख ही नहीं सकते थे। फिर तुमने मुझे कैसे ढूंढ लिया?

चिड़ियों की मदद से! वे तुमको हर पल देख रही थीं! और जो रास्ता 'स्टॉर्म पार्टिकल' के कारण मैं देख नहीं पा रहा था, वह रास्ता वे मुझे दिखा रही थीं!
...और मैं तुम्हारी तरह छतों के रास्ते तुम्हारा पीछा कर रहा था!
त...तुम बिना देखे...बहुमंजिली इमारतों की छतों पर बाइक को जंप करा रहे थे!! I...I can't believe it.
ची ची SSS
पर... इस बार तुम चूक गए हो ध्रुव! तुम नीचे गिर रहे हो!
विश्वास कर लो!
और साथ में मैं भी!
समय एक ऐसा नाटक है, जो एक ही साथ....
...अलग-अलग कालों में अलग-अलग रूपों में खेला जाता है!
ओफ्फ! यह पता ही नहीं चल रहा है कि बमूर ने अपने टाइम एक्सप्लोरर को कहां रखा हुआ है!!
पॉप!! ये क्या हो रहा है??
ओ माई गॉड!! ये तो...शॉर्ट सर्किट हो रहा है! समय धाराओं का शॉर्ट सर्किट!!
क्या ये खतरनाक है??
विनाशकारी कहो! दो समय धाराओं के मिलने का क्या असर होगा, ये तो मैं भी नहीं जानता!
इस विनाश को रोकना होगा! तुरंत!

आप ये क्या कर रहे हैं पॉप?
एक्सप्लोरर को बंद करना पड़ेगा, लिप्सी!!
पर ऐसा करने से तो ध्रुविष्य 2010 में फंसकर रह जाएगा!
मैं आपको ऐसा नहीं करने दूंगी!
मूर्ख! तू समझ नहीं रही है कि तू क्या कर रही है!
अगर ये मशीन चलती रही तो यह या तो भूतकाल के लोगों को यहां खींच लेगी या फिर हम सबको भूतकाल में ले जाएगी!
ध्रुविष्य को वापस लाने का कोई न कोई तरीका मैं ढूंढ ही लूंगा! तुम चिंता मत करो!
अ...आई एम सॉरी, लिप्सी! पर इसके अलावा कोई चारा नहीं था! अब बमूर भी वापस नहीं आ पाएगा!
पर...ध्रुविष्य?
आखिर ध्रुविष्य हमारे समाज का रक्षक है!
और मेरा होने वाला दामाद भी!
पर...ये समय धाराएं शॉर्ट कर क्यों रही हैं, पॉप?
43

"इसका एक ही कारण हो सकता है लिप्सी! 2010 में समय धाराओं से घिरे बमूर और ध्रुविष्य एक दूसरे के नजदीक आ रहे हैं।"
ये क्या कर रहे हो ध्रुव? बाइक को संभालो हम जैसे-जैसे जमीन के पास पहुंचेंगे, स्टॉर्म पार्टिकल का तापमान बढ़ता जाएगा।
हुऊ! लगता है तुम सही कह रहे हो। मुझे गर्मी लग तो रही है।
गर्मी! अभी कुछ ही सेकेण्ड में ये गर्मी, झुलसाने के स्तर तक बढ़ जाएगी। फिर जलाने के स्तर तक और हम भस्म हो जाएंगे।
इस समस्या से बचने का एक तरीका है मेरे पास।
क्या?
स्टॉर्म पार्टिकल को हटा लो।
अब मैं समझा तुम्हारी चाल। तुम जानते थे कि इन स्टॉर्म को सिर्फ मैं ही ऑफ कर सकता हूं। इसीलिए तुमने मुझे ऐसी स्थिति में जानबूझ कर फंसाया ताकि मैं स्टॉर्म को ऑफ करने के लिए विवश हो जाऊं।
करेक्ट! और ऐसा करने के लिए हमारे पास अब सिर्फ दो सेकेण्ड हैं।
अच्छा फंसाया। अब तो स्टॉर्म को बंद करना ही पड़ेगा।
पर अब इसका कोई फायदा होगा भी या नहीं?

एक रास्ता है! मुझे छोड़ना मत, ध्रुवा मैं अर्थ से काँटैक्ट होते ही जंप कर जाऊंगा...
जंप तो तब करोगे...
...जब जमीन से संपर्क होगा...
ये...ये क्या है?
मेरा राडार आपरेटेड स्टार कॉप्टर! तुम्हारा पीछा करने से पहले ही मैंने इसको बुला लिया था।
यानी... हम गिरने वाले नहीं थे।
बिल्कुल नहीं। और अब हम उस क्वेश्चन-आंसर सेशन को फिर से शुरू करेंगे जो बीच में ही रुक गया था।
अगर जानना ही चाहते हो तो सुनो। मैं भी तुम्हारी तरह एक क्राइम फाइटर हूं। बस फर्क इतना सा है कि मैं भविष्य से आया हूं।
और मेरा यहां पर आने का कारण एक खतरनाक पेशेवर अपराधी है जिसके पास भविष्य की तकनीक है।
और उसका नाम बमूर है।
सही।
और तुम दोनों मिले हुए हो। वर्ना तुम मुझे उस तक पहुंचने में मदद करते। रोड़ा नहीं बनते।
रोड़ा! व्हाट 'रोड़ा'? मैं उससे मिला हुआ नहीं हूं। वह मेरा दुश्मन है।
तो फिर तुम क्यों चाहते हो कि मैं उस तक पहुंच न सकूं?
क्योंकि उसके सामने तुम टिक नहीं पाओगे। वह तुमको मार डालेगा और अगर तुम मर गए तो मैं भी मर जाऊंगा...

मेरे मरने से तुम्हारे मरने या जीने पर फर्क क्यों पड़ेगा?
क्योंकि ये तुम्हारा...
...सुदूर भविष्य का वंशज है। तुम्हारी क्राइम फाइटिंग की परम्परा को संभाले रखने वाला सुपरहीरो ध्रुविष्य।
पर रहस्य की बात ये है कि ये तुमसे जलता है क्योंकि तुम भविष्य में एक महागाथा हो और ये एक छोटी-सी कहानी।
बमूर!! आह!
आह! ये... क्या बक रहा है? क्या ये सब...सच है?

सच है! और यह भी सच है कि सिर्फ मैं ही नहीं तुम्हारी हर जेनरेशन तुम्हारे ही नाम से मेरे युग तक जानी जानी जाती रही।
यानी मेरी संतानों ने भविष्य में भी अपराध विनाशक की परंपरा को कायम रखा है। यह जानकर तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।
पर मेरा सिर झुक गया है। मैं अपने आपको तकनीकी रूप से महान समझकर आपको कम आंक रहा था पर आपने मुझे दो बार मात दे दी।
एक मात मेरी भी जोड़ लो। लेकिन वह हमारी पहली मुलाकात थी और मैंने प्राइमरी लेवल के हथियार का प्रयोग किया था।
इस बार मैं 'प्रिजर्वर रे' का यूज करूंगा और मेरे रास्ते के दो कांटे एक साथ हट जाएंगे। ध्रुव मरेगा....
और साथ में ध्रुविष्य भी मिट जाएगा।
इस वक्त एक युग के मिटने में सिर्फ एक पल का फासला था!
भविष्य की दुनिया से ध्रुव का नाम मिट जाने वाला था और ध्रुविष्य का भी-
बमूर ने कहा था कि उसकी एंट्री टाइम टनेल यहीं पर खुलेगी।
अब तक तो इस टनेल को ऑफ रखा गया था, ताकि कोई इसको ट्रैक न कर सके।

...लेकिन अब बमूर किसी भी समय वापस आ सकता है। इस टनेल को ऑन करने का समय आ गया है। मैंने नई सेटिंग भी सेट कर दी है। ये टनेल बमूर के आते ही हमेशा के लिए बंद हो जाएगी।
अब इंतजार के अलावा और कोई काम नहीं है।
यहां पर समय को काटना एक समस्या थी...
...तो यहां पर समय को बचाना।
'प्रिजर्वर रे' तुमको ममी बना देगी, ध्रुव! और फिर मैं तुमको अपने साथ भविष्य में ले जाकर अपने प्राइवेट म्यूजियम में रखूंगा।
मेरे रहते...
..ध्रुव का बाल भी बांका नहीं होगा, बमूर!
ओफ्फ! मेक बर्ड्स।
मेक बर्ड्स?
हां! भविष्य की दुनिया में तो चिड़िया दिख भी जाए तो बहुत है। इसीलिए मैं इनको हमेशा साथ रखता हूं। ये मेरी मददगार भी हैं और मेरा हथियार भी।

मुकाबले की यह ट्रिक तुम्हारे वंशजों ने तुमसे ही सीखी है, ध्रुव! दुश्मन का ध्यान बंटाओ और इस दौरान मुकाबले का रास्ता ढूंढ लो।
और वह रास्ता क्या है?
टाइम टनेल एक्टीवेट करके इसको भविष्य में वापस भेज देना।
जब तक ये कुछ समझ पाएगा, तब तक ये वापस अपने समयकाल में...
अरे!
क्या हुआ?
मेरा...टाइम एक्सप्लोरर से संपर्क नहीं हो रहा है। ऐसा लगता है जैसे...टाइम एक्सप्लोरर बंद हो गया है। वर्ना..
वर्ना तुझे मारने के लिए मुझे इंतजार करना पड़ता। पर ऐसा हुआ नहीं। वैसे तो मुझे खुद ही अपने समय-काल में वापस जाना आता है। पर अभी यहां पर मेरी फाइनल टेस्टिंग बाकी है।
और वह फाइनल टेस्टिंग तब तक सफल नहीं हो पाएगी जब तक तुम दोनों की सांसें चलती रहेंगी।
सांसें रोकने जैसी गलत बात...

तो मैं अपने दुश्मन के लिए भी नहीं सोचता।
वर्ना तुम्हारा ही रे ब्लास्ट तुम्हारे हाथ से नहीं, तुम्हारे सिर से टकराता।
मेरा....मेरा हाथ जड़ हो गया है। तुझसे भिड़ना तो शैतान से टकराने से भी बदतर है...
भविष्य की टाईम टनेल का डी-एक्टीवेट होना खतरनाक बात है।
मुझे भी अपनी टाईम टनेल को चेक करना होगा। और अपनी फाइनल टेस्टिंग आज ही पूरी करके वापस भी जाना होगा।
बमूर भाग रहा है। अब तो ये DNA Tracker को भी ब्लाक करने की कोई न कोई तरकीब ढूंढ लेगा। फिर इसको ढूंढना असंभव हो जाएगा।
ढूंढना तो तब पड़ेगा...
...जब ये हमारी नजरों से दूर होगा।
होना भी नहीं चाहिए! पर इसकी गति हमसे तेज है। हम ज्यादा देर तक इसका पीछा नहीं कर पाएंगे।
गुड ऑबजरवेशन! तब हमको इसका रास्ता रोकना होगा।
एक ही तरीका है। बैकअप यूनिट को बुलाना पड़ेगा। जैसे कि... जेट प्लेन्स!
हमारे पास इतना समय नहीं है। वैसे भी इसको रोकने का हथियार हमारे पास है।
है? कहां है?

ये है!
वाऊ! बाईक थी! ये सीन तो मैंने पहली बार देखा है। पर ये बमूर तक नहीं पहुंच पाएगी! इसको और फोर्स चाहिए!
अगर चाहिए तो...
...एक्स्ट्रा फोर्स मिलेगी!
बड़ाकड़ाम
बुल्स आई! अब आएगा बमूर काबू में!
बमूर तो काबू में आता प्रतीत हो रहा था-

लेकिन उसके विनाशकारी यंत्र बेकाबू हो रहे थे-
ये तो अनहोनी हो रही है। बमूर के ब्रेसलेट के कंट्रोल्स शॉर्ट हो गए हैं और इनसे जो किरणें निकल रही हैं उनका असर तुम सोच भी नहीं सकते।

असर तो सामने नजर आ रहा है, ध्रुविष्य!
पर इस विनाश को रोका कैसे जा सकता है?
और ऐसा होगा कैसे?
एक ही तरीका है। हमको इन किरणों से बचते हुए बमूर तक पहुंचना होगा और उसके पॉवर सोर्स को ड्रेन करना होगा।
इस पॉवर-डिस्रप्टर की मदद से। इसको बमूर के किसी भी अंग पर चिपकाते ही ये पॉवर सर्किट्स को ब्रेक कर देगा।
हममें से जो भी बमूर तक पहले पहुंचेगा, 'डिस्रप्टर' को प्लेस कर देगा।
पर अपना ध्यान रखना, ध्रुव! अगर मैं मर गया तो कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। पर अगर तुमको कुछ हुआ..
...तो हमारी पूरी वंशावली ही खत्म हो जाएगी।

Success!
बमूर अब पॉवरलेस हो जाएगा।
सामान्य परिस्थितियों में ध्रुविष्य का यह ख्याल अवश्य सही साबित होता...
...पर अभी स्थिति असामान्य थी। इसीलिए परिणाम भी असामान्य नजर आ रहा था।
ओ गॉड! 'डिसरप्टर' ने तो इसके शॉर्ट सर्किट को सिस्टम क्रैश में बदल दिया है। अब बमूर फटेगा...
...और चारों तरफ किरणों का विनाशकारी जाल फैल जाएगा। हमको यहां से निकलना होगा, ध्रुव! तुरंत!
हम सुरक्षित दूरी तक भी नहीं जा पाएंगे, ध्रुविष्य! और वैसे भी, इस वक्त मुझे अपनी जान से ज्यादा, निर्दोष नागरिकों की जान की चिंता है।
सही कहा! एक सुपरहीरो को यह कभी नहीं भूलना चाहिए! पर विनाश तो होना ही होगा! इसको रोकने का कोई तरीका नहीं है।
शायद है ध्रुविष्य! तुम्हारी रे-रोपा ये भी ऊर्जा की बनी है! शायद ये इन किरणों को रोक सके।
हो सकता है पर ये आइडिया मुझे क्यों नहीं सूझा?
54

तुम्हारा आइडिया काम कर रहा है ध्रुव! वाह! कितना सिम्पल है, पर कितना इफेक्टिव!
रे-रोप का खोल प्रभावकारी तो था-
परंतु मजबूत नहीं था।
आऽऽऽह!
ओ गॉड! ये तो शायद...डिस्इंटिग्रेटर रे थी! यानी.. यानी ध्रुव..ओ नो! लेकिन अगर ऐसा है तो...
...मेरा अस्तित्व कैसे कायम...

...है?
कमाल है। जो काम मैं प्लान बनाकर नहीं कर पाया। वह अंजाने में हो गया। मैंने एक महागाथा को मार डाला। अब फाइनल टेस्टिंग के लिए मेरा रास्ता एकदम साफ है।
ओफ्फ! अ...अब ये कौन सी रे-पॉवर एक्टिवेट हो रही है?
ओह! ये तो...

सन् 5062-
बमूर! आपका स्वागत है। जार जेड आपकी वापसी का समाचार सुनने की प्रतिक्षा में बेचैन हो रहे हैं।
हम भी उनसे मिलने को बेचैन हैं।
क्या सचमुच ध्रुव और उसका पूरा वंशवृक्ष हमेशा के लिए समाप्त हो गया है? क्या ध्रुविष्य की अनुपस्थिति में बमूर के काल को अपने अधीन करने का सपना पूरा हो पाएगा? इन सवालों का जवाब जानने के लिए पढ़ें। इस गाथा कथा का अगला भाग-
अखिरी ध्रुव

5060 में मरेगा ध्रुव.... तो खत्म हो जाएगा ध्रुव का वंश।

इनमें से कोई एक होगा

अखिरी ध्रुव

राज कॉमिक्स पेश करते हैं समय की सीमाओं को पार करके
आपके दिल की गहराइयों में उतर जाने वाला ये टाइम प्रूफ विशेषांक!

महानगर में आत्महत्याओं की बाढ़
नागराज का शरीर रेलवे लाइन पर कटा मिला
कैसी होगी ये दुनिया....
नागराज के बाद
By. अनुपम सिन्हा
जगदीश
गोविंद
चारों तरफ हाहाकार और मौत का ताडंव दुनिया को लील रहा है। क्या कोई आएगा और थामेगा इस बाढ़ को? क्या कोई नया फरिश्ता आएगा? बताएगी राज कॉमिक्स में नागराज और उसकी बदलती दुनिया की हाल बयान करती ये युग परिवर्तक सीरीज।